# पुनरावृत्ति कार्य पत्र-7

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाम | | कक्षा | |
| अनुक्रमांक | | तिथि | |

शिक्षक/शिक्षिका के हस्ताक्षर

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **1 × 18 = 18**

1. 'वाच्य' शब्द का अर्थ है–
   (क) भाव (ख) विचार (ग) वाणी (घ) शब्द
2. जिन वाक्यों में वक्ता के द्वारा कर्ता के कार्य को महत्व या प्रधानता दी जाती है, उन्हें क्या कहा जाता है?
   (क) कर्तृवाच्य (ख) अकर्तृवाच्य (ग) कर्मवाच्य (घ) भाववाच्य
3. जिन वाक्यों में कर्ता के कार्य को निरस्त किया जाता है, उन्हें कहा जाता है–
   (क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य (ग) अकर्तृवाच्य (घ) कर्तृवाच्य
4. 'बच्चों ने चित्र बनाए।' इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।
   (क) बच्चों से चित्र बनाए गए। (ख) बच्चे चित्र बनाते हैं।
   (ग) बच्चों के द्वारा चित्र बनाए गए। (घ) बच्चों से चित्र बनवाए गए।
5. कर्तृवाच्य में प्रयोग हो सकते हैं–
   (क) कर्तरि (ख) कर्मणि (ग) भावे (घ) इनमें सभी
6. निम्नलिखित में भाववाच्य का वाक्य कौन-सा है?
   (क) राधा नहीं सो रही। (ख) राधा से सोया नहीं जाता।
   (ग) किसी ने मेरी किताब चुरा ली। (घ) किसी के द्वारा मेरी किताब चुरा ली गई।
7. निम्नलिखित में कर्मवाच्य का वाक्य कौन-सा है?
   (क) मंत्री ने भाषण दिया। (ख) मंत्री के द्वारा भाषण दिया गया।
   (ग) माँ चल नहीं पाती। (घ) माँ से चला नहीं जाता।
8. 'मुझसे सोया नहीं जाता।' वाच्य है–
   (क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) अकर्तृवाच्य
9. 'पिता जी समाचार-पत्र पढ़ रहे हैं।' वाच्य है–
   (क) कर्तृवाच्य (ख) अकर्तृवाच्य (ग) कर्मवाच्य (घ) भाववाच्य
10. 'चलिए, अब चला जाए।' वाच्य है–
   (क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं
11. कर्तृवाच्य को अकर्तृवाच्य में बदलने के लिए निम्नलिखित परसर्ग लगाए जाते हैं?
   (क) के द्वारा (ख) द्वारा (ग) से (घ) इनमें सभी
12. अकर्तृवाच्य के वाक्यों में प्राय: लोप कर दिया जाता है–
   (क) कर्ता का (ख) कर्म का (ग) क्रिया का (घ) विशेषण का
13. व्युत्पन्न अकर्मक क्रिया का प्रयोग होता है–
   (क) कर्तृवाच्य के वाक्यों में (ख) अकर्तृवाच्य के वाक्यों में (ग) 'क' एवं 'ख' दोनों में (घ) इनमें किसी में नहीं

**14.** अकर्तृवाच्य के वे वाक्य जिनमें सकर्मक क्रिया होती है, कहलाते हैं–

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमें सभी

**15.** अकर्तृवाच्य के वे वाक्य जिनमें अकर्मक क्रिया होती है, कहलाते हैं–

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) इनमें सभी

**16.** 'माँ के द्वारा आज खीर बनाई गई।' वाच्य है–

(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) अकर्तृवाच्य

**17.** कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| **कॉलम-1** | **कॉलम-2** |
|---|---|
| 1. अध्यापक द्वारा पाठ नहीं पढ़ाया गया। | (*i*) कर्तृवाच्य |
| 2. सब लोग खाना खा चुके हैं। | (*ii*) कर्मवाच्य |
| 3. मुझसे रात में सोया नहीं गया। | (*iii*) भाववाच्य |

**विकल्प**

(क) 1-(*iii*), 2-(*i*), 3-(*ii*) (ख) 1-(*ii*), 2-(*iii*), 3-(*i*)

(ग) 1-(*ii*), 2-(*i*), 3-(*iii*) (घ) 1-(*iii*), 2-(*ii*), 3-(*i*)

**18.** निम्नलिखित वाक्यों में कर्मवाच्य के वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प चुनिए–

(*i*) नौकर द्वारा खाना नहीं बनाया गया।

(*ii*) बच्चा रोता हुआ मेरे पास आया।

(*iii*) पेड़ नहीं काटे गए।

(*iv*) पैर में दर्द होने के कारण मुझसे चला नहीं गया।

**विकल्प**

(क) वाक्य (*i*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

(ख) वाक्य (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(ग) वाक्य (*i*) और (*iii*) सही हैं।

(घ) वाक्य (*ii*) और (*iv*) सही हैं।

# पुनरावृत्ति कार्य पत्र-8

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाम | | कक्षा | |
| अनुक्रमांक | | तिथि | |

शिक्षक/शिक्षिका के हस्ताक्षर

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. सही ( ✓ ) अथवा ग़लत ( ✗ ) के निशान लगाइए।** ½ × 4 = 2

(क) अकर्तृवाच्य में कर्ता के कार्य को निरस्त नहीं किया जाता है। ☐

(ख) कर्मवाच्य में कर्तरि, कर्मणि तथा भावे तीनों प्रयोग भी हो सकते हैं। ☐

(ग) भाववाच्य के वाक्यों में सकर्मक क्रिया भी आ सकती है। ☐

(घ) अकर्तृवाच्य के दो भेद हैं–कर्मवाच्य तथा भाववाच्य। ☐

**2. निम्नलिखित वाक्य किस वाच्य के हैं?** ½ × 4 = 2

(क) बच्चों ने खाना खा लिया है। ....................................

(ख) मुझसे कुरसी पर नहीं बैठा जाता। ....................................

(ग) नौकर द्वारा कपड़े नहीं धोये गए। ....................................

(घ) शायद आज बारिश आ जाए। ....................................

**3. प्रत्येक भेद के दो-दो उदाहरण दीजिए।** 1 × 3 = 3

(क) कर्तृवाच्य

....................................................................................................

....................................................................................................

(ख) कर्मवाच्य

....................................................................................................

....................................................................................................

(ग) भाववाच्य

....................................................................................................

....................................................................................................

**4. निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य के वाक्यों में बदलिए।** ½ × 6 = 3

(क) वह शादी नहीं करेगा।

....................................................................................................

(ख) वह कभी झूठ नहीं बोलती।

....................................................................................................

(ग) आपने जो कविताएँ लिखी हैं वे सब बहुत सुंदर हैं।

....................................................................................................

(घ) नाश्ते के बाद वह नहीं चल सकता।

.......................................................................................................................................

(ङ) मैंने आपका काम कर दिया है।

.......................................................................................................................................

(च) मैं उससे बात तक न कर सका।

.......................................................................................................................................

**5. निम्नलिखित वाक्यों को भाववाच्य के वाक्यों में बदलिए।** **½ × 6 = 3**

(क) कुत्ते आज नहीं भौंक रहे।

.......................................................................................................................................

(ख) वे लोग आज नहीं नहा रहे।

.......................................................................................................................................

(ग) घोड़ा जोर से हिनहिनाया।

.......................................................................................................................................

(घ) आप लोग क्यों हँस रहे हैं?

.......................................................................................................................................

(ङ) हम लोग सारी रात न सो सके।

.......................................................................................................................................

(च) आप झूठ न बोलें तो अच्छा है।

.......................................................................................................................................

**6. निम्नलिखित अकर्तृवाच्य के वाक्यों को कर्तृवाच्य के वाक्यों में बदलिए।** **½ × 6 = 3**

(क) माँ से काम नहीं हुआ।

.......................................................................................................................................

(ख) रोगी से दवाई नहीं पी गई।

.......................................................................................................................................

(ग) बच्चे से एक जगह नहीं बैठा जाता।

.......................................................................................................................................

(घ) प्रधानमंत्री द्वारा भाषण दिया गया।

.......................................................................................................................................

(ङ) लड़कियों द्वारा गीत गाए गए।

.......................................................................................................................................

(च) आपसे कहानी क्यों नहीं सुनाई गई।

.......................................................................................................................................